
3322 3284

5000Rs.




28.5.07



(1)

**लेख्यकारी**— श्रीमती सुधा देवी, पति श्री अरविन्द कुमार, जाति— कलवार, पेशा— गृहणी, राष्ट्रीयता— भारतीय, साकिन मौजा— झुमरी तिलैया, कृष्णापुरी, वार्ड नं०— 13, पत्रालय— झुमरी तिलैया, थाना— तिलैया, सब रजिस्ट्री, जिला रजिस्ट्री वो जिला— कोडरमा ।

Renu Kumari priyanka

1000Rs.




(2)

**लेख्यधारी**— श्रीमती रेणु कुमारी प्रियंका, पति श्री राजेन्द्र कुमार रजक, जाति— धोबी, पेशा— गृहणी, राष्ट्रीयता— भारतीय, साकिन मौजा— महादेव टांड़, पत्रालय— रामपुर, थाना— चौपारण, जिला— हजारीबाग ।

**लेख्यप्रकार**— विक्रय—पत्र "केवाला" वैयला कलामी ।

**मुल्य**— मोवलग 1,75,000 / — एक लाख पचहत्तर हजार रूपया मात्र ।


**भू:स्वामी**— झारखण्ड सरकार, अंचल— कोडरमा ।

**सालाना माल**— मोवलग 8 आठ पैसा अलावे शेष ।

**सम्पत्ति**— मवाज़ी रकबा 8.26 आठ दसमल दो छः डिसमिल यानी 3600 तीन हजार छः सौ वर्गफीट परती जमीन हकियत रैयती खरीदगी कायमी, अंदर खाता नं०— 2 दो, वाके मौजा— बिशुनपुर, थाना नं०— 250, अंदर नगरपालिका— झुमरी तिलैया, वार्ड नं०— 13, थाना— तिलैया, सब रजिस्ट्री, जिला रजिस्ट्री वो जिला— कोडरमा ।

Renu Kumari Priyanka

1000Rs.




(3)

यह कि उपरोक्त खाते वो प्लॉट की भूमि पूर्व के लेख्यकारी (1) श्रीमती स्वदेश कौशिक, पति श्री डी० एन० कौशिक, (2) श्रीमती नीलम बजाज, पति श्री अशोक बजाज, (3) श्रीमती नीरा अरोरा, पति श्री महेश अरोरा, (4) नीता दिवान के पिता स्व० बैजनाथ दिवान एवं चाचा स्व० सत्यपाल दिवान को वजरिये रजिस्ट्री केवाला के एम० डी० भराईच, पिता स्व० जे० के० भराईच से दिनांक 18.08.1951 को हजारीबाग रजिस्ट्री ऑफिस के द्वारा हासिल था, जिसका रजिस्ट्री बुक नं०– 1, भोलुम नं०– 44, पेज नं०– 477 से 479, दस्तावेज निबन्धन संख्या– 5212 है, अपने जीवन काल में ही पूर्व के लेख्यकारीगण के पिता वो चाचा उपरोक्त खरीदी भूमि का बंटवारा आपस में कर लिये थे तथा अपने–अपने हिस्से पर दखलकार थे, स्व० बैजनाथ दिवान वो स्व० सत्यपाल दिवान के मरणो पश्चात स्व० सर्व सत्यपाल दिवान की पत्नी स्व० राजकुमारी दिवान ने लेख्यकारीगण की माँ स्व० शान्ता दिवान, पति स्व० बैजनाथ दिवान को दिनांक 23.11.1987 को एक निबन्धित बाजीदावा रजिस्ट्री की थीं जिसमें यह सम्पुष्टि की गई है कि यह जमीन स्व० बैजनाथ दिवान की हिस्से की है जिसका बाजीदावा रजिस्ट्री बुक नं०– 1, भोलुम नं०– 18, पेज नं०– 247 से 249, दस्तावेज निबन्धन संख्या– 8265

Renu Kumari Priyanka

वो तैयारी तिथि 23.05.1991 है, बाद मरने पिता के पूर्व के लेख्यकारीगण अपने पिता की सम्पत्ति पर खास दखलकार होकर वो रहकर चले आ रहे थे, दिनांक 12.07.2006 को पूर्व के लेख्यकारीगण जितने भी हिस्सेदार थे अपने पिता के भूमि सम्पत्ति का बंटवारा आपस में कर लिये जिसका सत्यापन लेख्यप्रमाणक श्री शिव शंकर पाण्डेय, नोटरी पब्लिक कोडरमा हैं और उसी के आधार पर पूर्व के चारों लेख्यकारी दिनांक 20.03.2007 को अपने हिस्से की 8.26 आठ दसमल दो छः डिसमिल जमीन वर्त्तमान के लेख्यकारी श्रीमती सुधा देवी, पति श्री अरविन्द कुमार को बिक्री कर दिये जिसका रजिस्ट्री बुक नं०– 1, भोलुम नं०– 29, पेज नं०– 293 से 314, दस्तावेज निबन्धन संख्या– 1557, तैयारी तिथि– 20.03.2007 है, खरीदी के बाद से लेख्यकारी श्रीमती सुधा देवी उपरोक्त खरीदी भूमि पर खास दखलकार होकर वो रहकर चली आ रही हैं वो अभी हैं, आज दिन तारीख में उपरोक्त केवाला में वर्णित भूमि साथ लेख्यधारी के बिक्री करती हैं जिसका पूरा विवरण नीचे दर्ज है नक्शा साथ संलग्न है जिसमें बिक्रय भूमि अंदर लाल रंग से दिखलाया गया है ।

सुधा देवी

Renu Kumari Priyanka

# बिक्री भूमि का पूरा विवरण

मौजा– बिशुनपुर, थाना नं०– 250, अंदर नगरपालिका– झुमरी तिलैया, वार्ड नं०– 13, थाना– तिलैया, जिला– कोडरमा ।

(1) खाता नं०– 2 दो ।

(1) प्लॉट नं०– 35 पैंतीस, कुल रकबा 8.26 आठ दसमल दो छः डिसमिल के मधे बिक्री रकबा 8.26 आठ दसमल दो छः डिसमिल यानी 3600 तीन हजार छः सौ वर्गफीट जमीन जिसका क्षेत्रफल इस प्रकार है– A to B जानिब उत्तर तरफ– 60'0'', B to C जानिब पुरब तरफ– 60'0'', C to D जानिब दक्षिण तरफ– 60'0'' वो D to A जानिब पश्चिम तरफ– 60'0'' है तथा वर्त्तमान चौहद्दी इस प्रकार है– उत्तर– 16' का रास्ता, पुरब– श्री कृष्णा कुमार सिंह और श्री विजय कुमार दिवान की जमीन, दक्षिण– श्रीमती मंजु देवी की जमीन वो पश्चिम– 18' का रास्ता वाके है ।

जमा खाता– 1, जमा प्लॉट– 1, जमा रकबा– 8.26 आठ दसमल दो छः डिसमिल यानी 3600 तीन हजार छः सौ वर्गफीट जमीन ।

बिक्री भूमि एन०एच० वो राँची–पटना रोड से 500 गज की दूरी के बाद है ।

**विवरण**– चुँ मन लेख्यकारी अपने उपरोक्त भूमि को बिक्री करना चाहते थे, पता लगने पर लेख्यधारी खरीदने को तैयार हो गये तब दोनों पक्षों के बीच उपरोक्त भूमि का वाजिब मुल्य मोवलग 1,75,000/– एक लाख पचहत्तर हजार रूपया तय हुआ जो कि लेख्यकारी वो लेख्यधारी दोनों पक्षों को मान्य है ।

Renu Kumari Priyanka

यह कि आज दिन तारीख में लेख्यकारी, लेख्यधारी से जमीन के मुल्य का कुल भुगतान 1,75,000/– एक लाख पचहत्तर हजार रूपया लेकर मवाजी रकबा 8.26 आठ दसमल दो छः डिसमिल यानी 3600 तीन हजार छः सौ वर्गफीट जमीन साथ लेख्यधारी के बिक्री किये वो आज दिन तारीख से खास दखल देकर मालिक बना दिये।

अब लेख्यधारी उपरोक्त खरीदी भूमि पर खास दखलकार होकर वो रहकर जोत आबाद किया करें या फिर उपरोक्त भूमि में मकान बनावें, कुँआ खोदें, चहारदिवारी दें, मोरगेज करें या बिक्री करें यानी कि जिस तरह से फायदा समझें मय वारिसान अपने उपयोग में लाया करें।

यह कि उपरोक्त बिक्री भूमि हर तरह की देनदारी वो नुक्स से बिल्कुल पाक वो साफ है अगर ऐसा पाया गया तो इसके कुल देनदार वो भागीदार लेख्यकारी वो उनके वारिसान होंगे।

यह कि केवाला हाजा में लिखे मुल्य के कुल 1,75,000/– एक लाख पचहत्तर हजार रूपये का भुगतान लेख्यधारी ने लेख्यकारी को आज दिन तारीख में नगद कर दिये अब किसी तरह का कोई बकाया जिम्मे लेख्यधारी के नहीं रहा और ना हि अलग से कोई भुगतान रसीद बनाने की ही जरूरत रही।

Renu Kumari Priyanka

यह कि अब लेख्यधारी खरीदी भूमि केवाला को अपने अंचल से दाखिल खारीज कराकर वो सलाना मालगुजारी का भुगतान कर मालगुजारी रसीद अपने नाम से हासिल किया करें इसमें लेख्यकारी वो उनके वारिसान को भविष्य में कभी भी कोई उजुर या एतराज नहीं होगा इसलिए आज दिन तारीख में लेख्यकारी राजी–खुशी आनन्द मन से लेख्यधारी के पक्ष में बिक्रय पत्र केवाला लिख दिये जो कि समय पर काम आवे ।

धारा 6 के अनुसार, धारा 8 वो 38 के अनुसार एवं धारा 10 वो 11 के अनुसार मोकिर का नाम सिलिंग एक्ट में दर्ज नहीं है ।

प्रमाणित किया जाता है कि दस्तावेज का मूल प्रति एवं द्वितीयक प्रति एक–दूसरे का हु–ब–हु एवं सच्ची प्रतिलिपि है ।

प्रारूपकर्त्ता

महाबीर मोदी

**महाबीर मोदी,** ताईद, ला०नं०– 5/98, कोडरमा, प्रमाणित करता हुँ कि यह दस्तावेज मेरे द्वारा तैयार किया गया है तथा इस दस्तावेज में जिनका फोटो लगा हुआ है उनके पाँचों उँगलियों का निशान मेरे द्वारा लिया गया है ।

दिनांक– 25-05-2007.



महाबीर मोदी 25.05.07

रेणु कुमारी प्रियंका

25-5-07

Renu Kumari Priyanka

तिलैया, सब रजिस्ट्री, जिला रजिस्ट्री वो जिला— कोडरमा ।

3284

5000 Rs

INDIA NON JUDICIAL

PLAN PREPARED FOR REGISTRATION.

NAME AND ADDRESS OF VENDER:–

[illegible]

AT MAHADEO TAND, P.O._RAMPUR,

THANA_CHOUPARAN, DIST._HAZARIBAG.

DETAILS OF THE SOLD LAND:–

IN VILLAGE_BISUNPUR, THANA NO. 250,

THANA_TELAIYA, JHUMRITELAIYA MUNICIPALITY,

WARD NO. 13, DIST._KODERMA, JHARKHAND STATE,

KHATA NO. 2 (TWO), PLOT NO. 35 (PART),

AREA_3600 SQ. FT. = 8.26 DECIMALS,

SHOWN IN RED COLOUR.

DIMENSION OF THE SOLD LAND:–

IN NORTH_A to B_60'0", IN EAST_B to C_60'0",

IN SOUTH_C to D_60'0" & IN WEST_D to A_60'0"

BOUNDARY OF THE SOLD LAND:–

NORTH_16 FT. WIDE ROAD.


EAST_LAND OF SRI. KRISHNA KUMAR SINGH & SRI. VIJAY KUMAR DIWAN.

SOUTH_LAND OF SMT. MANJU DEVI.

WEST_18 FT. WIDE ROAD.

SCALE_1 INCH = 40 FT.




SIGNATURE OF VENDER

मंजु देवी
24-4-06

PLAN PREPARED BY
V. K. UNNEERI KUTTY
SURVEYOR.
CERTIFIED TO BE THE TRUE COPY OF THE ORIGINAL.

Renu Kumari Priyanka